This question paper contains **8+4** printed pages]

आपका अनुक्रमांक................

**786**

**B.A. (Programme)/I** **D**

HINDI LANGUAGE (C)—Paper I

हिंदी भाषा (ग)–प्रश्न-पत्र I

(प्रवेश-वर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिये/NCWEB के विद्यार्थियों के लिये)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी** :– इस प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में कम होंगे।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10+10

(क) दीपावली इस साल भी आ गई। हर साल ही आती है। न जाने किस भले आदमी के मन में, किस शुभ

मुहूर्त में दीपकों के उत्सव की बात आई थी। पंडितों ने इस पर्व का इतिहास खोजने का प्रयत्न किया है। भक्तों का विश्वास कुछ और है पंडितों के अनुसंधान कुछ और मगर उत्सव है पुराना। बुद्धदेव के जीवनकाल में यह उत्तर-भारत में अवश्य मनाया जाता था और सबूत मिला है कि गुप्तकाल में भी मनाया जाता था। मतलब यह है कि कम-से-कम ढाई-तीन हजार वर्षों के मानव-चित्त के उमंग और उल्लास की कहानी इस पर्व के साथ जुड़ी है। इतना क्या कम है ? दो सौ पीढ़ियों तक जो पर्व मनुष्य के चित्त को आनन्द से उद्वेलित कर सका है यह क्या मामूली पर्व है ? राज्यों और राजवंशों के उत्थान पतन होते रहे, बड़े-बड़े धर्म-सम्प्रदाय उठते गिरते रहे, चंचला लक्ष्मी का प्रसाद न जाने कितने लोगों को प्राप्त हुआ और कितने उससे वंचित हो गए पर दीपमाला का उत्सव नहीं रुका।

साधारणतः यह विश्वास किया जाता है कि यह लक्ष्मी पूजा का दिन है। बंगाल में दूसरी परम्परा है। वहाँ इस तिथि को काली जी की पूजा होती है।

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(*ii*) दीपावली का पर्व कितने वर्षों पुराना है ?

(*iii*) दीपावली के उत्सव का क्या महत्व है ?

(*iv*) बंगाल में लक्ष्मी पूजा की दूसरी परम्परा क्या है ?

(*v*) 'मानव' और 'दीपक' शब्दों के दो-दो पर्यायवाची बताइए।

(ख) पहला कार्यक्रम तो कम-से-कम आधे दिन का उपवास रखने का है। पश्चिम से भोजों की परंपरा आई है। भोज और दावत का अर्थ है सात्विक जीवन को छोड़कर राजसी जीवन की ओर मुड़ना। यदि पाँच तारा होटलों

में होने वाली गोष्ठियों और प्रेस-सम्मेलनों की प्रथा को इस दिन तिलांजलि देने का चलन प्रारंभ कर दें तो धरती और उसके पुत्रों का शोषण बहुत हद तक कम होगा। कई मुर्गों, बकरों और गाय-बैलों की जान बचेगी और शराब बनाने में खर्च होने वाले साधनों की बचत होगी। इस दिन वृक्षों की उपज पर गुजारा करना एक आदर्श कदम होगा। यह सात्विक आहार तो है ही इसके साथ ही धरती को इससे कोई कष्ट नहीं होता। वृक्ष-खेती की ओर बढ़ने का विचार राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने तो सन् 1926 में रख दिया था। आज जल-संकट, रेगिस्तानों के विस्तार और अन्न की खेती के कारण पैदा हुई भूमि के दलदलीपन, लवणीकरण व भूक्षरण की समस्याओं से निपटने के लिए वैज्ञानिक भी इसकी सिफारिश कर रहे हैं।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) धरती और उसके पुत्रों का शोषण कैसे कम किया जा सकता है ?

(iii) 'भूक्षरण' की समस्या से कैसे निपटा जा सकता है ?

(iv) 'भोजन और दावत का अर्थ है सात्विक जीवन छोड़ राजसी जीवन की ओर मुड़ना' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(v) वृक्षों के ऊपर गुजारा करने को लेखक आदर्श कदम क्यों मानता है ?

(ग) हम सांस्कृतिक अस्मिता की बात कितनी ही करें, परंपराओं का अवमूल्यन हुआ है, आस्थाओं का क्षरण हुआ है। कड़वा सच तो यह है हम बौद्धिक दासता स्वीकार कर रहे हैं, पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बन रहे हैं। हमारी नयी संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है। हम आधुनिकता के झूठे प्रतिमान अपनाते जा रहे हैं, प्रतिष्ठा की अंधी प्रतिस्पर्धा में जो अपना है उसे खोकर छद्म आधुनिकता की गिरफ्त में आते जा रहे

हैं। संस्कृति की नियंत्रण शक्तियों के क्षीण हो जाने के कारण हम दिग्भ्रमित हो रहे हैं। हमारा समाज ही अन्य निर्देशित होता जा रहा है। विज्ञापन और प्रसार के सूक्ष्म तंत्र हमारी मानसिकता बदल रहे हैं। उनमें सम्मोहन की शक्ति है, वशीकरण की भी।

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ii) हमारी नयी संस्कृति 'अनुकरण की संस्कृति' कैसे है ?

(iii) विज्ञापन हमारी मानसिकता को किस प्रकार बदल रहे हैं ?

(iv) लेखक ने परम्पराओं के अवमूल्यन को कैसे दर्शाया है ?

(v) बौद्धिक दासता की स्वीकृति से लेखक का क्या अभिप्राय है ?

2. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(i) हामिद के हाथ में चिमटा देखकर दादी की क्या प्रतिक्रिया हुई ?

(ईदगाह)

(ii) भाषा और बोली का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(भाषा, बोली और पर्यावरण)

(iii) विज्ञापन कैसे समाज को, उसकी जरूरतों को प्रभावित करता है ?

(उपभोक्तावाद की संस्कृति)

(iv) प्राकृतिक प्रकोप से क्या तात्पर्य है और वे कौन-कौनसे हैं ?

(थकी हारी धरती को अब विश्राम दीजिए)

(v) दीपावली के उत्सव को क्यों रोका नहीं जा सकता है ?

(दीपावली सामाजिक मंगलेच्छा का प्रतिमा पर्व)

(*vi*) लेखक के अनुसार रेल-यात्रा और हवाई-यात्रा में क्या अन्तर है ?

(ऊपर उठने की मुसीबत)

(*vii*) लेखक ने 'अपनी अपनी बीमारी' के माध्यम से किन-किन लोगों पर व्यंग्य किया है ?

(अपनी अपनी बीमारी)

(*viii*) उपभोक्तावाद की संस्कृति क्या है ?

(उपभोक्तावाद की संस्कृति)

3. (क) निम्नलिखित शब्दों के कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार व्याकरणिक कोटियों में अंतरण कीजिए : 5

(*i*) युवा (संज्ञा)

(*ii*) मिठाई (विशेषण)

(*iii*) चढ़ाई (क्रिया)

(*iv*) कृपा (विशेषण)

(*v*) धार्मिक (संज्ञा)।

(ख) किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(*i*) इन शब्दों का अनेकों रूप है।

(*ii*) दीपावली अपनी मंगल-संदेश लेकर आई है।

(*iii*) रोगी का प्राण निकल गया।

(*iv*) आठ बजने को दस मिनट है।

(*v*) कृपया खाना खा लो।

(*vi*) मैं चाय का गर्म कप पीना चाहता हूँ।

(*vii*) मेरे को घर जाना है।

(*viii*) शायद यही वजह थी कि मुझे छोड़ने कोई नहीं आए।

4. 'निर्मला' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) विवाह की तैयारियों के समय कल्याणी ने उदयभानु को बारातियों का विवरण किस प्रकार दिया ?

(*ii*) किन परिस्थितियों में निर्मला के मन में अपने पति के प्रति कर्त्तव्य-बोध जाग्रत हुआ ?

(iii) मंसाराम के प्रति निर्मला का व्यवहार कैसा था ?

(iv) निर्मला और सुधा के मैत्रीपूर्ण संबंधों के विषय में बताइए।

(v) भुवनमोहन कौन था और उसने निर्मला की बहन से विवाह क्यों किया ?

(vi) तोताराम ने मंसाराम को बोर्डिंग-हाऊस भेजने का निर्णय क्यों लिया ?

(vii) निर्मला के साथ रुक्मिणी के संबंध कैसे थे ?

(viii) मंसाराम की मृत्यु पर प्रेमचंद ने सौतेलेपन की सामाजिक कुरीति को किस प्रकार उठाया है ?

**अथवा**

'आज भी खरे हैं तालाब' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) गजधर कौन थे ? वे क्या कार्य करते थे ?

(ii) तालाब बनाने की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए।

(*iii*) राजस्थान के तालाब राज की नहीं, समाज की धरोहर हैं—सिद्ध कीजिए।

(*iv*) 'हड़वाड़ा' किसे कहते हैं ?

(*v*) 'जलसूंघा' क्या काम करते थे ?

(*vi*) सबसे बड़ा 'लाखेटा' कहाँ है ?

(*vii*) गुणी कारीगरों के हाथ से पानी का प्रबंध किस प्रकार छीना गया ?

(*viii*) प्राचीन काल में आबादी का हिसाब किस आधार पर रखा जाता था ?

5. (क) किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए : 10

(*i*) सोशल नेटवर्किंग के बढ़ते चरण

(*ii*) विद्यार्थी और अनुशासन

(*iii*) दूरदर्शन धारावाहिकों का समाज पर प्रभाव।

(ख) अपने कॉलेज में हुए वार्षिकोत्सव पर रिपोर्ट तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

अपने क्षेत्र में बढ़ते जल संकट की समस्या के प्रति नगर-निगम का ध्यान आकर्षित करने के लिए समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम पत्र लिखिए।

6. (क) कोश की परिभाषा देते हुए द्विभाषी कोश की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णाक्रमानुसार लिखिए : 5

अनुकरण, आक्रोश, परिधान, दैनिक, गर्व, विशेष, निराशा, उपकार, पुकार, चातक।